एक नजर में

## बजरंग दल ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सैलसागर तालाब की जमीन पर हुए अतिक्रमण के मामले को लेकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के दौरान जमकर नारेबाजी की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि तालाब की जमीन पर लगातार अवैध कब्जा किया जा रहा है। इससे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष अमित ने भी केन्द्रीय मंत्री एवं कलेक्टर को इस मामले से अवगत कराकर लिखित आवेदन दिया था। अब इस मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ा है और बजरंग दल के लोग मैदान में उतरे हैं।

बजरंग दल के लोगों का आरोप है कि यहां राजशाही समय से मंदिर स्थापित था। साथ ही सैलसागर तालाब पर स्नान घाट एवं शिव मंदिर का निर्माण कराया गया था। मंदिर में रोजाना पूजा-अर्चना होती थी, लेकिन वर्तमान समय में मंदिर सहित आसपास की जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण कर मकान बना लिए हैं। अतिक्रमण करने वाले लोगों ने मंदिर के दरवाजे बंद कर उसके बाहर बकरियां बांधना शुरू कर दिया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस मामले में जल्द से जल्द प्रशासन एक्शन लेकर कार्यवाही करे और भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराए।

# आप जमीन को मत बेचना उसे बचाकर रखना : सीएम

**बुन्देलखण्ड के किसानों को मुख्यमंत्री ने दी सलाह**

**लाड़ली बहनों से अपनी कलाई पर बंधवाई राखी**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आप अपनी जमीन को मत बेचना, उसे अपनी मां की तरह सहेजकर रखना। जमीन ही एक ऐसी चीज है, जो आगे आपके काम आएगी। साथ ही आप विवाह या अन्य कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची से भी बचना। धन जब घर में आए तो अपना दरवाजा बड़ा कर लेना बहिनों और जब धन खर्चा करना हो तो आप दरवाजे को बहुत छोटा रखना। यह बात आज टीकमगढ़ के गंजीखाना में पहुंचे प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने कही।**

दरअसल मुख्यमंत्री मोहन यादव इन दिनों पूरे प्रदेश के दौरे पर हैं। सीएम अपने दौरे के दौरान लाड़ली बहिनों से रक्षाबंधन के पहले ही अपनी कलाई पर राखी बंधवाने जा रहे हैं। इसी कड़ी में वह आज टीकमगढ़ पहुंचे थे। जहां उन्होंने सबसे पहले टीकमगढ़ के पुलिस लाईन में एक पेड़ मां के नाम लगाया। इसके बाद वह अपने काफिले के साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां उनके स्वागत में मौजूद केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने गुलदस्ता दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री यादव आगे बढ़े जब वह मंच की ओर जा रहे थे, तभी बुन्देली नृत्य कलाकार उनके आगे नाचते-गाते हुए उनका स्वागत करते दिखाई दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव भी अपने आप को रोक नहीं पाए और उन्होंने अपने दोनों हाथों में लाठियों को थाम करतब दिखाया। मुख्यमंत्री के इस रूप को देख कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाई।

आगे मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्यप्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद वह सीधे मंच पर पहुंचे। जहां उन्होंने कन्या पूजन कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए लाड़ली बहिनों के पास पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी लाड़ली बहिनों से अपनी कलाई पर राखी बंधवाई और उन्हें उनकी सुरक्षा का वचन दिया। इस दौरान उन्होंने एक छोटी बहिनों को झूले में बैठाकर स्वयं अपने हाथों से उसे झूला झुलाया। लाड़ली बहिनों से राखी बंधवाने के बाद मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचे जहां भाजपाईयों ने उनका स्वागत-सत्कार किया।

इस कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। मुख्यमंत्री के हैलीपेड पर उड़खनखटोला से उतरते ही टीकमगढ़ के कलेक्टर अवधेश शर्मा ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही पुलिस कप्तान रोहित काशवानी ने भी गुलदस्ता दिया। मुख्यमंत्री के पूरे कार्यक्रम पर सागर संभाग के कमिश्नर और आईजी की नजर रही वह पूरे कार्यक्रम के दौरान मंच पर ही डटे रहे।



## बान सुजारा बांध से जोड़े जाएं 30 गांव : वीरेन्द्र

कार्यक्रम में मौजूद केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुंमार खटीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं मुख्यमंत्री मोहद यादव जी का आभार और धन्यवाद प्रकट करता हूं। साथ ही मुख्यमंत्री की जनता के साथ में जो लगाव है, वो किसी से छिपा हुआ नहीं है और वो जनता के बीच में जिस तरह समरस हो जाते हैं अभी हम लोगों ने देखा जब उनका स्वागत करने के लिए गेट पर यादव बंधुओं के द्वारा बरेदी नृत्य का आयोजन यहां पर किया गया था वो स्वयं एक बालक की भांति लाठी लेकर न केवल उनके साथ में केवल नृत्य किया बल्कि लाठी घुमाकर जो आज उनके अंदर विद्यार्थी परिषद और युवा का भाव है, वह आज भी बिसमृत नहीं हुआ है। उनको डॉ. मोहन यादव ऐसे ही नहीं कहा जाता है, उनके मन मोहने वाली हंसी पूरे प्रदेश की जनता के मन में जो आशा और विश्ववास का संचार कर रही है मैं उनका हृदय से धन्यवाद देना चाहता हूं कि उनकी सरकार के द्वारा रजिस्ट्री के माध्यम से नामांतरण की शुरूआत भी बहुत अच्छी शुरूआत है। जो टीकमगढ़ में मेडिकल कॉलेज की शुरूआत हुई थी, उसका भूमिपूजन हो चुका है। मैं डॉ. मोहन यादव से आग्रह करना चाहता हूं कि मेडिकल कॉलेज भी यहां जल्द ही शुरू कराया जाए। साथ ही बान सुजारा बांध से सिंचाई का रकवा भी बढ़ा है, लेकिन बल्देवगढ़ क्षेत्र के तीस गांव आज भी इससे वंचित हैं। उन गावों को भी जोड़ा जाए।

## टीकमगढ़ में मुख्यमंत्री मोहन यादव क्या-क्या बोले

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपना उद्बोधन शुरू करते हुए पहले मंच पर बैठे केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार, भाजपा के प्रदेश महामंत्री जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना सहित तमाम नेताओं का प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि अभी वीरेन्द्र जी ने अपने उद्बोधन के दौरान मुझे बहुत लंबी सूची सुनाई काम के लिए। वीरेन्द्र जी आप चिंता मत करो प्रदेश के कुछ जिले सबसे ज्यादा मुझको बहुत पसंद है, उसमें एक नाम टीकमगढ़ का भी आता है। ये आनंद की बरसा करने वाला जिला है टीकमगढ़ के लिए कोई किसी बात की कमी रहने वाली नहीं है, जो आप मांगोगे सब मिलेगा कुछ नहीं रहने वाला है और यशस्वी प्रधानमंत्री जी के लिए जोरदार तालियां बजाओ। हमने सुना ही सुना था कांग्रेस के शासन काल में बुन्देलखण्ड का भला करेंगे, ये करेंगे, वो करेंगे, जाने क्या-क्या नहीं करेंगे, लेकिन देने के नाम ठन-ठन गोपाल, मदन गोपाल...। उन्होंने कहा कि अब समय बदला है बहुत जल्द ही एक लाख करोड़ की उत्तरप्रदेश-मध्यप्रदेश को मिलाकर करके बहुत जल्दी भूमि पूजन होने वाला है कैन-बेतवा का। किसान के हर खेत तक पानी पहुंचेगा और पानी पहुंचना भी चाहिए। हमारे किसानों की मेहनत, उनका पसीना उनके और सूर्यदेवता के बीच प्रतियोगिता होती है। सूर्यदेवता अपनी चमक बिखेरते हुए गर्मी डालते हैं और किसान अपने शरीर पे सारा झेलते हुए पूरे देश एवं दुनिया के लिए अन्य उत्पादन करते हैं। ऐसे किसानों के लिए अगर पानी आता है और खेत हरे-भरे होते हैं इससे पूरी दुनिया का भला होता है। इस भाव के लिए जोरदार तालियां बजाईये। यही कारण हैं यशस्वी प्रधानमंत्री ने सीमा पर जवान और खेत पर किसान दोनों का सम्मान बनाकर रखा। उन्होंने कहा कि जवानों के नित्य नये हथियार एवं किसानों के लिए किसान सम्मान निधि किसी ने दी है, तो उसमें हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने दी है। हमारी सरकार भी लगातार वो सम्मान निधि जारी रखेगी, उसमें कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस पैसा का एक अलग महत्व है। बुन्देलखण्ड में आते ही जो रोमांच, वीरता, बहादुरी, पुरुषार्थ, पराक्रम हिलोरे मानने लगता है। बुन्देलखण्ड वो इलाका है, जिसमें सुल्तान, पठान, अंग्रेज कोई आए कोई जाए, लेकिन बुन्देलखण्ड की आंखे कभी नीचे नहीं हुई हैं। किसी की सत्ता के आगे वो झुका नहीं है और दवा नहीं है। अब बुन्देलखण्ड की धरती का समय बदलने वाला है। अपनी जमीन मत बेचना, भले ही कर्जा ले लेना। मध्यप्रदेश पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ने वाला है, अब समय बदलेगा। अब हर एक व्यक्ति की आमदानी बढ़ेगी, मध्यप्रदेश में रोजगार के साधन शुरू होंगे।

# पलेरा के एटीएम में जानवरों ने बनाया अपना बसेरा



**नवभारत न्यूज पलेरा। इन दिनों पलेरा नगर के छोटे बस स्टेण्ड स्थित एसबीआई के एटीएम में जानवरों ने अपना डेरा डाल लिया है। यहां देखरेख न होने कारण एटीएम के अंदर गाय, बैल, कुत्ते अपना बसेरा करते हैं। इससे वहां लोग पैसे निकालने के लिए भी परेशान होते हैं।**

जानकारी के मुताबिक नगर परिषद पलेरा के अंतर्गत आने वाले छोटे बस स्टेण्ड पर स्थित एसबीआई के एटीएम में अवारा जानवर डेरा डाल चुके हैं। यह जानवर अक्सर यहां अंदर ही रहते हैं। इन अवारा जानवरों के कारण लोगों को वहां से पैसे निकालने में काफी परेशानी होती है।

लोगों ने बताया है कि कई बार इसकी शिकायत करने के बाद भी बैंक प्रबंधन और नगर परिषद पलेरा ध्यान नहीं दे रही है। यहां सबसे ज्यादा परेशानी बैंक के वृद्ध उपभोक्ताओं को होती है। वृद्ध उपभोक्ता जानवरों को देखकर अंदर भी नहीं जाते हैं। जब जानवर वहां से लोग भगाकर बाहर निकाल देते हैं। इसके बाद ही एटीएम का उपयोग किया जाता है। लोगों ने नगर परिषद पलेरा से मांग की है कि नगर में घूम रहे अवारा जानवरों को पकड़वाकर उन्हें अन्य स्थान भेजा जाए, जिससे आम जनता को परेशानी न हो। लोगों का कहना है कि जानवर सड़कों पर बैठे रहते हैं, जिससे वाहन सवार लोग दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं।

## नाली का नहीं हो रहा सुधार कार्य

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर पालिका परिषद की उदासीनता के चलते नगर के वार्ड नंबर 5 स्थित सरांय मुहल्ला की नाली का सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है।**

मुहल्लेवासियों ने बताया कि बारिश शुरू होने से पहले ही यह नाली पूरी तरह ध्वस्त हो गई। कई शिकायतें करने के बाद भी नाली का सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है। नाली का सुधार कार्य न होने के कारण लोगों को यहां से निकलने में भारी परेशानी हो रही है। लोग सड़क हादसों का भी शिकार हो रहे हैं।

# महिला से मारपीट मामले में हुई एफआईआर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। देहात थाना इलाका क्षेत्र में एक महिला से मारपीट के मामले में देहात थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

जानकारी देते हुए देहात थाना प्रभारी रवि गुप्ता ने बताया है कि छतरपुर जिले के भगवां की रहने वाली एक महिला ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने पति के विवाद के चलते टीकमगढ़ न्यायालय में पेशी करने आई थी। इसी दौरान उसके पति से उसका विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा कि पति सहित अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट कर डाली। महिला का आरोप है कि उसके साथ ही उसके परिजनों पर भी हमला हुआ है और उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया है। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने उसके पति आशीष अहिरवार, भूपेन्द्र बिरथरे, विक्रांत तिवारी सहित सोन सिंह यादव के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5)बीएनएस, 3(1)द, 3(1)ध, 3(2) एससी,एसटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो में मारपीट की घटना दिखाई दे रही है। इसी आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। फिलहाल पूरे मामले की अभी पुलिस विवेचना करेगी उसके बाद ही आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा। वही पीड़ित महिला ने आगे न्याय दिलाने को लेकर पुलिस कप्तान से भी लिखित रूप से शिकायत की है। उसने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

# सीएम ने तिरंगा रैली को दिखाई हरी झंडी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज टीकमगढ़ स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान का शुभारंभ शांति के प्रतीक गुब्बारों को आसमान में छोड़कर कर किया। साथ ही उन्होंने हरी झंडी दिखाते हुए रैली को रवाना कर किया।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि तिरंगा हमारा गर्व, गौरव और सम्मान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से राष्ट्र प्रेम की नवज्योति जागृत करने एवं आजादी के नायकों को याद करने का आव्हान किया है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि 15 अगस्त तक अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराकर अपनी सेल्फी अपलोड करें और इस अभियान को सफल बनायें। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को प्रतिज्ञा भी दिलाई।

इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, निवाड़ी विधायक अनिल जैन, अमित नुना, जनप्रतिनिधिगण, सागर संभागायुक्त डॉ वीरेन्द्र कुमार रावत, आईजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी ललित शाक्यवार, कलेक्टर अवधेश शर्मा, एसपी रोहित काशवानी सहित संबंधित अधिकारी तथा एनसीसी, विभिन्न खेलों के खिलाड़ी तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं।

इस दौरान मुख्यमंत्री जब तिरंगा यात्रा को हरीझंडी दिखा रहे थे, तभी शहर के सैकड़ों लोग उन्हें देखने के लिए उमड़े। मौके पर बड़ी संख्या में भाजपाई भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस दौरान शांति के प्रत्येक गुब्बारों को आसमान में छोड़कर एक संदेश देने का प्रयास किया। हर घर तिरंगा यात्रा में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रदेश सहित जिले के लोगों से अपील की है कि वह हर घर तिरंगा लहराएं। तिरंगा ही हमारी आन-वान और शान है।

## कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** निवाड़ी कलेक्टर के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में नगर परिषद कार्यालय में एसडीएम पृथ्वीपुर अनुराग निगवाल एवं जनपद पंचायत सीईओ विनोद जैन की उपस्थिति में मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं लाड़ली बहिना एवं हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरण का लाइव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित गया।

इस अवसर पर सीडीपीओ वार्ड के पार्षद, सेक्टर सुपरवाइजर संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर निकाली गई रैली




**नवभारत न्यूज जतारा। सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज जतारा नगरीय क्षेत्र में हाथों में तिरंगा लेकर लोग व जनप्रतिनिधि नगर के भ्रमण में निकले।**

इस तिरंगा यात्रा के दौरान जतारा के भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक, एसडीओपी अभिषेक गौतम, थाना प्रभारी अरविन्द सिंह दांगी एवं अन्य पुलिसकर्मियों सहित नगर के नागरिक शामिल हुए।

नगर में यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए थाना बम्हौरी कलां से कनेरा थाने तक पहुंची। जहां रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे जा चुके हैं। यह लोग 15 अगस्त के पहले नगर के प्रत्येक घरों में तिरंगा झंडा लगाने का काम करेंगे।

इस कार्यक्रम में आम जनमानस का उत्साह देखने को मिल रहा है। श्री खटीक ने बताया कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घरों में स्वतंत्रता दिवस के सप्ताह में हर घर तिरंगा लहराना है एवं सभी कार्यकर्ताओं का पदाधिकारियों को इस कार्यक्रम की सूचना करने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नगर के मंडलों में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। तिरंगा यात्रा को लेकर विशेष रूप से युवा मोर्चा के पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। जिससे जिले में तिरंगा यात्रा ऐतिहासिक बने एवं सभी लोग समृद्ध हो सकें।

**नजरबंद** — मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए एनएसयूआई कार्यकर्ता

# पुलिस ने रास्ते में रोककर थाने में कर दिया नजरबंद




**नवभारत न्यूज बल्देवगढ़। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के टीकमगढ़ दौरे के दौरान उनसे एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मुलाकात कर अपना ज्ञापन सौंपना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने सीएम से मिलने से पहले ही उन्हें रास्ते में रोककर बल्देवगढ़ थाने में नजरबंद कर दिया।**

जानकारी देते हुए एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अंकित कश्यप ने बताया कि आज टीकमगढ़ में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आगमन के दौरान हमारा संगठन जिले की तमाम समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन देना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने हमारा रास्ता रोका और हमें थाने में बंद कर दिया।

उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ जाने के पहले ही मुख्यमंत्री के इशारे पर काम करने वाली उनकी पुलिस ने हमें बंद कर दिया है। उन्होंने कि प्रदेश भर में इतनी समस्याएं हैं, जिन्हें गिनाया नहीं जा सकता। टीकमगढ़ में ही आप देखिए कि बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। इसके बाद भी प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं करता है। इस विषय पर मुख्यमंत्री को आज एनएसयूआई अवगत कराना चाहती थी, लेकिन हमारे रास्ते को रोककर समस्या उन तक नहीं पहुंच पाई।

उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में सरकार विफल साबित हो रही है। बच्चों के भविष्य से इस जिले में खिलबाड़ हो रहा है। अगर हम ऐसी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलना चाहते हैं, तो हमें क्यों रोका जाता है। यह कहां का न्याय है, हमें अगर मुख्यमंत्री से मिलने दिया जाता, तो शायद टीकमगढ़ की कई समस्या उन तक पहुंच जाती। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अंकित कश्यप ने कहा कि अगर हम अपनी समस्या अपने मुख्यमंत्री को नहीं सुनाएंगे, तो किसको सुनाएंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में हम लोग नहीं पहुंच पाए। यह हम लोगों के साथ पुलिस द्वारा अन्याय किया गया है। इसकी हम घोर निंदा करते हैं।

### सीएम के जाने तक थाने में रही एनएसयूआई

एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अंकित कश्यप सहित उनके तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जब तक सीएम मोहन यादव टीकमगढ़ से नहीं चले गए तब तक उन्हें पुलिस थाने में बैठाए रही। पुलिस के जवानों को उनकी निगरानी के तैनात कर दिया गया था। वह जबान उनके साथ ही थाने में मौजूद रहे। जवानों ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पूरी नजर रखी, जिससे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कोई वाधा उत्पन्न न हो और कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हो जाए।

## पुरानी टेहरी की सफाई व्यवस्था ठप्प

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर पालिका की सीएमओ के बदले जाने के बाद भी सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। व्यवस्था आज भी ज्यूं की त्यूं है।**

पुरानी टेहरी निवासी समाजसेवी सौरभ खरे ने बताया है कि लंबे समय से सफाई व्यवस्था को लेकर मुहल्लेवासी परेशान है। कई बार शिकायतें करने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देवी जी मंदिर के पास भी भारी गंदगी फैली है। साथ ही मुहल्ले की नालियों में भी सफाई न होने के कारण बरसात के मौसम में पानी सड़क पर आ जाता है। उन्होंने कहा कि पहले बहाना था कि सीएमओ काम नहीं कर रही है, लेकिन अब सीएमओ बदल गई तो अब काम होना चाहिए। उन्होंने मांग की है कि नगर पालिका द्वारा सफाई कराई जाए।

# महिला पार्षद ने उठाए कई सवाल

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर पालिका परिषद टीकमगढ की वार्ड नं. 10 की महिला पार्षद नफीसा-फरीद खान ने नगर पालिका से उनके वार्ड में विकास कार्य कराए जाने की मांग की है।**

नफीसा-फरीद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि वह वार्ड नं. 10 से कांग्रेस पार्षद हैं। लगातार नगर पालिका के अमले से विकास के लिए मांग कर रही है, इसके बाद भी उनकी मांग को सुना भी नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड के बौद्ध बिहार कालोनी में सड़क कच्ची पड़ी हुई है, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है।

कई बार मांग करने के बावजूद भी सड़क का निर्माण नहीं हो रहा है। इसके साथ ही उनके वार्ड में नाली भी टूटी पड़ी हैं, उनका निर्माण कराया जाना चाहिए। साथ ही बौद्ध बिहार इलाके में तो नालियों का आज तक निर्माण नहीं हुआ है। उन्होंने जल्द से जल्द निर्माण कराने की मांग की है।

## आवश्यक सूचना

दैनिक नव भारत भोपाल संस्करण का टीकमगढ़ में नवीन जिला कार्यालय सिविल लाईन रोड़ ईदगाह मार्केट के ऊपरी मंजिल की दुकान नंबर 60 में पहुंच गया है। अब नव भारत समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन/विज्ञापन प्रकाशन हेतु नवीन कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

**नव भारत, टीकमगढ़ जिला कार्यालय**
सिविल लाईन रोड़ ईदगाह मार्केट के ऊपरी तल
में दुकान नंबर 60
**आमिर खान, जिला ब्यूरो, टीकमगढ़ (म.प्र.)**
**मोबाईल नंबर :- 7987381176, 8602345279**